## *GREEN LAWNS HIGH SCHOOL*

## *FINAL EXAMINATION -2024*

## *SUBJECT : HINDI*

**CLASS : 8 A,B,C** **MARKS : 80**

**TIME : 2 ½ HOURS** **DATE : 15/02/2024**

---

**NOTE : Attempt all the questions from section A.**

**Attempt any three questions from section B ( From question No. 5,6,7,8 ) and No.9 compulsory.**

## ***SECTION - A***

**प्रश्न1- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **[12]**

**(I)** शिक्षा बुराइयों को खत्म करके अच्छाइयों से जोड़ती है।

**(II)** विज्ञान और जीवन

**(III)** रक्त दान

**(IV)** निम्नलिखित उक्ति के आधार पर एक कहानी लिखिए-

"मूर्ख मित्र से अच्छा बुद्धिमान शत्रु है "

**(V)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना, अथवा कहानी लिखिए। जिसका सीधा संबंध चित्र से होना चाहिए।



**प्रश्न2- निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए : [7]**

- **(I) शहर में फैली गंदगी की सूचना देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।**
- **(II) कुसंगति से बचने की सलाह देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 3- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए - [10]**

माउंट एवरेस्ट, जिसे नेपाल में सागरमाथा के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है। 8,848 मीटर की प्रभावशाली ऊंचाई पर स्थित, यह दुनिया भर के पर्वतारोहियों और साहसी लोगों के लिए एक प्रतिष्ठित गंतव्य है। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना एक कठिन और चुनौतीपूर्ण उपलब्धि है जिसके लिए महीनों की तैयारी और उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस की आवश्यकता होती है।

शिखर तक की यात्रा लगभग 5,364 मीटर की ऊंचाई पर स्थित बेस कैंप से शुरू होती है। वहां से, पर्वतारोही खतरनाक बर्फबारी, खड़ी चट्टानों और अप्रत्याशित मौसम की स्थिति के माध्यम से नेविगेट करते हुए विश्वासघाती आरोहण की एक श्रृंखला शुरू करते हैं। उन्हें कुख्यात खुम्बू आइसफॉल का सामना करना पड़ता है, जो चढ़ाई का लगातार बदलता और खतरनाक हिस्सा है।

जैसे-जैसे पर्वतारोही ऊपर चढ़ते हैं, वे "मृत्यु क्षेत्र" का सामना करते हैं, जो 8,000 मीटर से ऊपर का क्षेत्र है जहाँ ऑक्सीजन का स्तर खतरनाक रूप से कम है, जिससे मानव शरीर के लिए कार्य करना बेहद मुश्किल हो जाता है। इस ऊंचाई पर, पर्वतारोहियों को ऊंचाई की बीमारी और अन्य जानलेवा स्थितियों का खतरा होता है। इन चुनौतियों के बावजूद, शिखर तक पहुंचने का आकर्षण साहसी लोगों को आकर्षित करता रहता है।

माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जिसके लिए अत्यधिक दृढ़ संकल्प, लचीलापन और टीम वर्क की आवश्यकता होती है। रास्ते में, पर्वतारोही अनुभवी शेरपा गाइडों पर भरोसा करते हैं, जिन्हें पहाड़ और उसके मार्गों का व्यापक ज्ञान है।

हालाँकि, माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना जोखिम के बिना नहीं है। पहाड़ की कठोर प्रकृति ने पूरे इतिहास में कई पर्वतारोहियों के जीवन लेने का दावा किया है। हिमस्खलन, दरारें और अत्यधिक ठंड लगातार खतरे हैं। पर्वतारोहियों के लिए उपयुक्त गियर से सुसज्जित होना, कठोर प्रशिक्षण से गुजरना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार निर्णय लेना महत्वपूर्ण है।

माउंट एवरेस्ट नेपाल के लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखता है। यह न केवल एक राजसी शिखर है बल्कि राष्ट्रीय गौरव और लचीलेपन का प्रतीक भी है। शेरपा लोग, जो पीढ़ियों से एवरेस्ट क्षेत्र में रह रहे हैं, पर्वतारोहियों का समर्थन करने और पहाड़ की अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

(i) माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई कितनी है?नेपाल में इसे किस नाम से जाना जाता है?

(ii) शिखर पर चढ़ने के दौरान पर्वतारोहियों को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

(iii) "मृत्यु क्षेत्र" क्या है और यह खतरनाक क्यों है?

(iv) माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि क्यों मानी जाती है?

(v) माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने से जुड़े कुछ जोखिम और खतरे क्या हैं?

**प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए -**

**(i)** 'मूक' का विलोम बताइए : [1]

(a) मूर्ख

(b) चतुर

(c) शांत

(d) वाचाल

**(ii)** 'लहू' का पर्यायवाची बताइए : [1]

(a) खुन, रक्त

(b) पसीना, पावन

(c) खून, रुधिर

(d) पय, क्षीर

(iii) 'ठगना' का भाववाचक संज्ञा बताइए : [1]

(a) लुटना

(b) ठगी

(c) ठगावत

(d) ठगवाना

(iv)"गागर में सागर भरना" मुहावरे का अर्थ है ? [1]

(a) असंभव काम करना

(b) थोड़े शब्दों में अधिक कहना

(c) सरस दोहों की रचना करना

(d) मूर्खतापूर्ण काम करना

(v) 'आस्तीन का साँप' मुहावरे का अर्थ बताइए : [1]

(a आस्तीन में साँप रखना

(b) धोकेबाज मित्र

(c) चतुर मित्र

(d) मूर्ख मित्र

(vi) जिसके पार देखा जा सके' निम्नांकित में कौन एक शब्द है ? [1]

(a) बुभुक्षा

(b) पारदर्शी

(c) मृदुभाषी

(d) जिजीविषा

(vii) 'शतम्' का तद्भव रूप है- [1]

(a) सात

(b) सौ

(c) शो

(d) सैकडा

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए : [4]

(क) सचिन अच्छा खेल रहा है- काल बताइएं

(I) सामान्य वर्तमान

(II) अपूर्ण वर्तमान

(III) पूर्ण वर्तमान

(IV) भूत काल

(ख) मोहन का एक बेटा है। (वाक्य का शुद्ध रूप बातइए)

(I) मोहन के एक बेटा है।

(II) मोहन के एक बेटे हैं।

(III) मोहन को एक बेटा है।

(IV) मोहन का बेटा है।

(ग) वह झूठ नहीं बोल रहा है (नहीं हटाइए लेकिन वाक्य का अर्थ न बदले)

(I) वह झूठ बोल रहा है।

(II) वह असत्य बोल रहा है।

(III) वह सच बोल रहा है।

(IV) वह सत्य बोल रहा है।

(घ) हाथी ने केला खाया। (कर्मवाच्य में बदलिए)

1. हाथी केला खाता हैं
2. हाथी केला खा लिया
3. **हाथी द्वारा केला खाया गया**
4. हाथी केला खाया

## SECTION – B

**प्रश्न 5- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सद्वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती-जाएगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देने वाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जाएगी।

1) लेखक ने कौन-से ज्वर को सबसे भयानक बताया है?और क्यों? [2]
2) युवा पुरुष की संगति के बारे में क्या कहा गया है ? [2]
3) सच्ची मित्रता की क्या विशेषता होती है? [3]
4) हमें अपने मित्रों से क्या आशा रखनी चाहिए? [3]

**प्रश्न 6- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :**

"जितना अधिक जीवित रहूँगा उतनी ही हानि करूँगा। जब तक मेरी साँसें चलेंगी तब तक युद्ध करूँगा। कहिए तातश्री! पहला द्वन्द्व युद्ध कौन करेगा? "

(i) उपर्युक्त कथन के वक्ता और श्रोता कौन है? उनका परिचय दीजिए। [2]
(ii) कौरवों और पांडवों के बीच किसका युद्ध चल रहा था? [2]
(iii) चक्रव्यूह की रचना किसने और क्यों की? [3]
(iv) अभिमन्यु ने चक्रव्यूह तोड़ने की विद्या कब और कैसे सीखी? [3]

**प्रश्न7- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:**

हुकूमत की लाज बचाने, औरंगजेब से हाथ मिलाया,
शाइस्ता को भेज औरंगजेब ने, आदिल को यकीन दिलाया।
छापा मार शिवाजी ने, शाइस्ता की उंगलियों को काट गिराया,
उलटे पाँव भगा उसको, मजा खूब चखाया।

(i) बीजापूर का बादशाह कौन था? हुकूमत की लाज बचाने के लिए उसने किससे हाथ मिलाया? [2]

(ii) वीर शिवाजी ने संधि नीति कब और क्यों अपनाई? [2]

(iii) शिवाजी ने शाइस्ता को किस तरह मजा चखाया? [3]

(iv) वीर शिवाजी का क्या उद्देश्य था? उन्होंने इसे किस प्रकार पूरा किया? [3]

**प्रश्न8- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:**

छिप-छिप अश्रु बहाने वालों !
मोती व्यर्थ लुटाने वालों !
कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है।
सपना क्या है? नयन सेज पर
सोया हुआ आँख का पानी,
और टूटना है उसका ज्यों
जागे कच्ची नींद जवानी
गीली उमर बनाने वालों।
डूबे बिना नहाने वालों !
कुछ पानी के बह जाने से सावन नहीं मरा करता है।

(i) कवि ने यह क्यों कहा है कि जीवन मरा नहीं करता है? [2]

(ii) इस कविता से क्या सीख मिलती है? [2]

(iii) कवि छिप छिप कर आँसू बहाने वालों को क्या संदेश देता है? [3]

(iv) शब्दार्थ लिखिए- [3]

अश्रु, व्यर्थ, नयन, उमर, सपना, जागे

**प्रश्न 9- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1) किसने विदुर को राजा धृतराष्ट्र का प्रधानमंत्री नियुक्त किया था और क्यों? [2]

2) कुंतीभोज कौन थे? राजा शूरसेन ने कुंतीभोज को क्या वचन दिया था? [2]

3) पाण्डु ने पितामह भीष्म तथा विदुर को राज्य का भार क्यों सौंप दिया? [3]

4) विदुर कौन थे? उनके विशिष्ट गुण क्या थे [3]